हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

11 एडीबी टीम ने गुणवत्ता जांच के लिए सड़क खोदकर ...



12 सिहावा पर्वत से रूष्ट होकर धमतरी पहुंचीं मां रिसाईमाता...



## खबर संक्षेप

### सेमरा में डांस व कबड्डी स्पर्धा आज

**नगरी।** ग्राम सेमरा में आज मंगलवार को डीजे डांस प्रतियोगिता रखी गई है। राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा का भी आयोजन होगा। इसकी तैयारी में ग्रामीण जुटे हैं।

### सिरसिदा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नगरी।** नव दुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा ग्राम सिरसिदा में नवरात्रि पर्व पर राज्यस्तरीय डांस स्पर्धा का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया है। यह जानकारी पंकज साहू ने दी है।

### पेंशनरों की बैठक कल

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 9 अक्टूबर बुधवार को 12 बजे से होगी। इसमें संघ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा, जीवन प्रमाण पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जायेगी। अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### जीजामगांव में कृष्ण लीला का मंचन 9 से

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में दशहरा पर्व पर 9 से 11 अक्टूबर तक श्री कृष्ण लीला का मंचन होगा। माटी खान, दही लूट, वृंदावन धाम का प्रदर्शन होगा। बालक एवं बालिकाओं का बेजोड़ अभिनय मनमोहक होगा। 12 अक्टूबर शनिवार क रावण वध का कार्यक्रम होगा। लीला मंडली के संचालक संतराम साहू एवं पंचूराम ध्रुव ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 10 वर्षों से लगातार हो रहा है। इसमें ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहता है। कार्यक्रम देखने आसपास के गांव के लोग भी आते हैं।

### बुखार, दर्द और खुजली के मरीज अधिक मिले, स्थिति सामान्य

**जगदलपुर।** ग्राम मुण्डागढ़ व काचिरास उपस्वास्थ्य केन्द्र छिंदगुर विकासखण्ड दरभा में डायरिया से मृत्यु की शिकायत प्राप्त होने पर 2 से 5 अक्टूबर तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 105 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण व मलेरिया जांच किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण में सर्दी, खांसी, बुखार, कमजोरी, बदन दर्द के मरीज मिले। डायरिया के मरीज नहीं पाये गये। जांच में सामान्य 3, दस्त 1, सर्दी खांसी बुखार 21, शरीर दर्द 19, खुजली-घाव 9, कमजोरी 12, पेट व कमर दर्द के 10 मरीज पाए गए उनकी स्थिति सामान्य है। जिला स्तरीय टीम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा इन ग्रामों का निरीक्षण किया गया।

### नक्सलियों के लगाए आईईडी को किया निष्क्रिय

**गीदम।** 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की डी और एफ कम्पनी व बटालियन बीडीडीएस टीम के जवान बारसूर-पल्ली मार्ग पर स्थित थाना मालेवाही से बोदली कैम्प सीआरपीएफ तक डी-मार्निंग ड्यूटी के लिए निकले थे। जिसमें बटालियन बीडीडीएस टीम को सर्चिंग के दौरान थाना मालेवाही से बोदली की तरफ लगभग 2 किमी की दूरी पर मुख्य सड़क से लगभग 80 मीटर अंदर की तरफ घने जंगल में 4 किग्रा का प्रेशर रिलीज आईईडी बरामद किया। राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशन पर व द्वितीय कमान अधिकारी (परि) विक्रांत वर्मा की उपस्थिति में बटालियन बीडीडीएस टीम के द्वारा 4 किग्रा का प्रेशर रिलीज आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह आईईडी सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से पूर्वी बस्तर डिवीजन की स्माल एक्शन टीम के सदस्य मोटू वेको व आमदाई एरिया कमेटी टीम द्वारा लगाया गया था।

दस साल में जैविक खेती का रकबा मात्र 600 हेक्टेयर ही बढ़ पाया

# जिले में जैविक खेती का सपना हुआ फुर्र कीटनाशकों से दूषित हो रहा खेतों का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दस साल से धमतरी को जैविक खेती वाला जिला बनाने का प्रयास चल रहा है, लेकिन इन दस साल में जैविक खेती का रकबा मात्र 600 हेक्टेयर ही बढ़ पाया है। यही नहीं जैविक खेती सिर्फ नगरी ब्लाक के कुछ गांवों तक ही सिमटकर रह गई है। उधर जिले में रासायनिक खाद की खपत लगातार बढ़ रही है।

जल जगार की सफलता के बाद लोगों को उम्मीद है कि जल प्रदूषण रोकने के लिए सार्थक पहल होगी।



नदी, तालाब, पोखर आदि में होने वाले जल प्रदूषण को रोकना आसान है, लेकिन खेतों में रासायनिक खाद और कीटनाशकों से हो रहे जल प्रदूषण को रोकना किसी चुनौती से कम नहीं है। जैविक खेती के सपने फुर्र हो गए हैं और जिले में अंधाधुंध तरीके से रासायनिक खेती हो रही है। धान की फसल में हमेशा पानी भरा रहता है। इसी में किसान रासायनिक खाद और कीटनाशक का छिड़काव करते हैं। यह पानी खेतों से होते हुए नालों और नदियों में पहुंचता है। भूजल रिचार्ज भी इसी पानी से होता है। कीटनाशक और रासायनिक खाद युक्त इस प्रदूषित पानी से लोगों का गुजारा हो रहा है।

### खाद की खपत बढ़ी

जितना जैविक खेती का रकबा बढ़ा है, उससे कई गुना रासायनिक खाद और कीटनाशक की खपत बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार इस साल 59900 टन रासायनिक खाद की खपत का लक्ष्य रखा गया था। इसके विरूद्ध किसानों ने 60904 टन खाद का उठाव किया है। खाद की खपत पिछले 10 साल में करीब 25 प्रतिशत बढ़ी है। यही नहीं रासायनिक खाद की खपत जितनी बढ़ी है, उससे दोगुनी कीटनाशकों की खपत बढ़ी है।

### जैविक खेती मिशन की रफ्तार सुस्त

जिले को जैविक जिला बनाने के लिए जैविक खेती मिशन और परंपरागत कृषि विकास योजना चल रही है। ये योजनाएं वर्ष 2015-16 से चल रही हैं। शुरूआत में नगरी ब्लाक को पूर्णतः जैविक बनाने का लक्ष्य लेकर काम किया गया। विडंबना यह है कि 10 साल में भी यह योजना नगरी ब्लाक से बाहर नहीं आ पाई है और नगरी ब्लाक के कुछ गांवों तक ही सिमटकर रह गई है। पिछले 10 साल में जैविक खेती मिशन के तहत 100 हेक्टेयर और परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत 500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जैविक खेती की वृद्धि हुई है। कुरूद, मगरलोड और धमतरी ब्लाक में तो जैविक खेती का नामोंनिशान नहीं है।

### इस रफ्तार से बढ़ा रकबा

किसी भी खेत को जैविक बनाने के लिए उसमें तीन साल तक बिना रासायनिक खाद और कीटनाशक के खेती करना पड़ता है। तब जाकर उस खेत के उत्पादन को जैविक माना जाता है। इसी गणित को ध्यान में रखकर हर तीन साल के लिए खेती के रकबे का चयन किया जाता है। जैविक खेती मिशन के तहत वर्ष 2015, 2016 और 2017 नगरी क्षेत्र के 80 हेक्टेयर में जैविक खेती की गई। वर्ष 2018, 2019 और 2020 में भी यही रकबा था। 2021, 2022 और वर्ष 2023 में इसका रकबा 180 हेक्टेयर हुआ। इस साल भी इतने ही रकबे में इस योजना के तहत जैविक खेती की जा रही है। इसी प्रकार परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत रकबा 1000 से बढ़कर 1500 हेक्टेयर हुआ है।

# बिलाई माता के दरबार में पंचमी श्रृंगार आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ दर्शन के लिए भक्तों की लग रही भीड़

शारदीय नवरात्रि की पंचमी पर आज माता को विशेष श्रृंगार चढ़ाया जाएगा। इसके लिए देवी मंदिरों में विशेष तैयारी कर ली गई है। इस बार पंचमी दो दिन है। कुछ स्थानों पर सोमवार को भी पंचमी मनाई गई। शहर के विंध्यवासिनी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में पंचमी श्रृंगार, विशेष पूजा व महाआरती आज मंगलवार को सुबह की जायेगी। बिलाईमाता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि विंध्यवासिनी मंदिर में पंचमी 8 अक्टूबर मंगलवार को मनाई जाएग्री। भक्तों की भीड़ को देखते हुए आवश्यक तैयारी की गई है। महिला पुरूष के लिए अलग- अलग बैरिकेड्स लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान, वालंटियर, सीसी कैमरा लगे हैं। हवन और पूर्णाहुति 11 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 से 12 बजे होगी।

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर में सोमवार को पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए माथा टेका। भाव भक्ति से नरियल, फूल, सुपारी, चुनरी, श्रृंगार सामग्री चढ़ाई। पंचमी का विशेष महत्व यह है कि इस दिन माता साक्षात जागृत अवस्था में आती है। स्कंदमाता की आराधना से भक्तों को शक्ति की प्राप्ति होती है।

## जर्जर ट्रांसफार्मर से कृषि कार्य हो रहे प्रभावित



■ संबलपुर के किसानों ने की ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संबलपुर के किसानों ने जर्जर ट्रांसफार्मर को बदलने कलेक्टर से गुहार लगाई है। डीहीपारा संबलपुर के किसान शिशुपाल नेताम, रोहित साहू, त्रिभुवन यादव, रामचंद्र ध्रुव, रणजीत सिंह, निलेश, बनवारी साहू आदि ने सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की है कि डीहीपारा स्थित खार लाइन ट्रांसफार्मर अत्याधिक पुराना एवं जर्जर अवस्था में है। ट्रांसफार्मर की वर्तमान क्षमता 63 केव्ही है जबकि इस ट्रांसफार्मर से 3 एचपी के 18 मोटर पंप कनेक्शन जुड़े हुए हैं। ट्रांसफार्मर पर अत्याधिक भार पड़ने के कारण यह बार-बार खराब हो जाता है। कृषि पंपों को चलाने में बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। किसानों ने 23 सितंबर को भी जनदर्शन में ट्रांसफार्मर बदलने की गुहार कलेक्टर से लगाई थी।

# वन विभाग की राशि की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ समिति अध्यक्ष ने किया था लाखों रूपये का गबन

पशुधन प्रबंधन योजना के तहत समिति के अध्यक्ष द्वारा वन विभाग की शासकीय राशि का धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उप वनमंडलाधिकारी धमतरी ने बीते वर्ष 31 मार्च को सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 मई 2011 को हरितिमा पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी एवं वनमंडलाधिकारी के बीच धमतरी वनमंडल अंतर्गत उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के पशुधन प्रबंधन योजना के क्रियान्वयन के तहत बैटल कैम्प की स्थापना के लिए एमओयू-अनुबंध हुआ था, जिसमें अनुबंध की कुल राशि 66 लाख 67 हजार रूपये थी। कार्य प्रारंभ करने के लिए आरोपी से पत्राचार भी किया गया था। अनुबंध के अनुसार परियोजना की कुल राशि का 10 प्रतिशत 6 लाख 57 हजार का चेक वनमंडलाधिकारी धमतरी के यूनियन बैंक के खाते का दिया गया। आरोपी द्वारा उक्त राशि को बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर शाखा के अपने खाते में आहरित कर प्राप्त कर लिया गया। राशि का आहरण कर लेने के बाद भी आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कार्य शुरू नहीं किया गया। इसकी सूचना वनमंडलाधिकारी को नहीं दी गई। आरोपी डॉ. मनोज सोनी अध्यक्ष हरितिमा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति को अग्रिम राशि को वापस करने विभाग द्वारा कई पत्राचार किया गया। इसके बावजूद आरोपी द्वारा प्राप्त की गई अग्रिम राशि को वनमंडलाधिकारी धमतरी के खाते में जमा नहीं कराया गया। महालेखाकार छग रायपुर द्वारा आडिट आपत्ति किये जाने पर उक्त शासकीय राशि का लेखा अभियोजना नहीं हो पाया। आरोपी ने शासकीय राशि 6 लाख 67 हजार रूपये को प्राप्त कर बिना कोई कार्य किये उक्त राशि का स्वयं उपभोग कर छलपूर्वक धोखाधड़ी कर वन विभाग धमतरी को आर्थिक हानि पहुंचाने का अपराध किया है। शिकायत पर सिटी कोतवाली में आरोपी मनोज सोनी पिता देवी प्रसाद उम्र 54 वर्ष स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग निवासी के खिलाफ धारा 420, 406, 409 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने आरोपी को भिलाई से धरदबोचा

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने वनमंडलाधिकारी और आरोपी मनोज सोनी अध्यक्ष हरितिमा पर्यावरण संरक्षण समिति की टीम लीलर के मध्य हुए पत्राचार एवं बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी तथा प्रकरण से संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया। प्रार्थी व गवाहों का बयान के पश्चात आरोपी मनोज सोनी द्वारा अपराध घटित करना पाया गया। पुलिस टीम ने भिलाई पहुंचकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर धमतरी पहुंची जहां न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एसआई विनोद शर्मा, प्रआ दिनेश तुरकाने, आरक्षक कुलदीप राजपूत, साजिद अली व भुनेश्वर त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा।

# समर्थन मूल्य पर दलहन तिलहन की खरीदी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गैर राजनीतिक छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने दलहन तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग उठाई है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे यूनियन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि जल जगार महोत्सव के माध्यम से जल संरक्षण एवं दलहन तिलहन खेती के लिए प्रोत्साहित करना शासन- प्रशासन की सराहनीय पहल है, लेकिन इसे सफलता तभी मिलेगी जब दलहन तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने बाजार उपलब्ध होगा।



■ छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

छग किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक लीलाराम साहू, जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, रघुनाथ साहू, सुदर्शनसिंह ठाकुर, टेकराम साहू, रामनिहोरा निषाद, कन्हैया ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि रबी फसल में अधिकांश किसान धान की खेती इसलिए करते हैं कि इसे खरीदने बाजार उपलब्ध रहता है। धान की खेती में जल का दोहन भारी मात्रा में होता है। लगातार जलस्तर नीचे जा रहा है। रासायनिक खाद का प्रयोग बहुत मात्रा में होने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है। उन्होंने कहा है कि किसान भी धान की खेती रबी सीजन में नहीं करना चाहता लेकिन फसल परिवर्तन कर गेंहू, चना, उड़द, मूंग की खेती करने पर किसानों को समर्थन मूल्य पर बाजार नहीं उपलब्ध हो पाता है। सन 2017 में अधिकांश किसानों ने दलहन तिलहन की फसल ली थी जिसे औने -पौने दाम में बेचना पड़ा। इसकी भरपाई किसान आज तक नहीं कर पाए हैं। जल जगार एवं फसल परिवर्तन का समर्थन करते हैं लेकिन दलहन तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदने का बाजार उपलब्ध कराया जाए।

यूनियन ने शासन से समर्थन मूल्य पर खरीदी की घोषणा करने की मांग की है।

# जमीन विवाद पर पड़ोसी भिड़े, पांच पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ग्राम मुजगहन का मामला

ग्राम मुजगहन में पड़ोसियों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर पांच आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी करण साहू पिता तुलीराम उम्र 41 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह गैस एजेन्सी में ऑटो चलाने का काम करता है। गुरूवार की शाम पड़ोसी नंदू नागरची उसके घर के सामने अश्लील गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। यह देख नंदू की मां परमिला नागरची ने बेटे के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंची रीना साहू के साथ भी मारपीट की गई। इस घटना में दोनों पति-पत्नी को चोट आई है। पीड़ित करण साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नंदू नागरची व परमिला नागरची के खिलाफ धारा 115-2, 296, 3-5, 351-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

वहीं दूसरे पक्ष के नंदू नागरची पिता रामजी उम्र 40 वर्ष ने शिकायत दर्ज कराई है कि गुरूवार की शाम वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान पड़ोसी करण साहू, उसकी पत्नी रीना साहू तथा उनका पुत्र निखिल साहू ने पुरानी जमीन संबंधी बात को लेकर मारपीट की। बीच-बचाव कर रही उसकी मां परमिला नागरची के साथ भी तीनों ने मारपीट की। इस घटना में पीड़ित मां-बेटे को चोट आई है। नंदू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी करण साहू, रीना साहू व निखिल साहू के खिलाफ धारा 115-2, 296, 3-5, 351-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

डोंगरगढ़ मंदिर में भगदड़ से सोनिया की मौत पर पति मदन ने उठाए सवाल

# नहीं मिली पुलिस की मदद, जिस एंबुलेंस में पत्नी को लाया वह सुविधाहीन थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डोंगरगढ़ मंदिर से अस्पताल 12 किमी दूर था, जहां सोनिया को इलाज के लिए लाया गया। जिस एंबुलेंस से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, उसमें आक्सीजन की बात तो दूर सायरन तक नहीं था। एंबुलेंस का कंडक्टर खिड़की से झांककर लोगों को हटाता था। धीरे- धीरे एंबुलेंस जब तक अस्पताल पहुंची, सोनिया की मौत हो गई थी।

धमतरी जिले के भखारा तहसील के ग्राम बागतराई के मदनलाल साहू के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मदन ने बताया कि वह रायपुर में रहकर आटोरिक्शा चलाता है। शनिवार को वह पत्नी सोनिया साहू उम्र 36 साल, बेटी रितेश्वरी उम्र 17 साल, पोता मोक्षकुमार उम्र 4 साल और गांव के ही तीन लोगों के साथ डोंगरगढ़ माता के दर्शन के लिए गया था। रात 1 बजे सभी माता के मंदिर पहुंचे। पूरा परिवार एक साथ लाइन



में लगा था, जहां से पुलिस वालों ने हटा दिया। इसके बाद वे बीच वाले रास्ते में घुस गए, जहां पर भीड़ नहीं थी। वे आगे बढ़ने लगे। मात्र 10 मिनट में ही उस लाइन में इतनी भीड़ उमड़ी कि धक्का मुक्की शुरू हो गई। इसके बाद भगदड़ मच गई। मदन ने बताया कि जिस लाइन में वे लगे थे, वहां से निकलने का रास्ता नहीं था। भगदड़ में उनका परिवार एक दूसरे से बिछड़ गया। वे 4 साल के पोते को सम्हाले थे। बेटी भी साथ में थी, लेकिन पत्नी भीड़ में खो गई। भगदड़ इतनी भयावह थी कि वे बच्चे को सम्हाल नहीं पा रहे थे। हाथ पैर में दर्द शुरू हो गया। इस दौरान उन्होंने पोते को सम्हालने लिए अपनी बेटी रितेश्वरी को दे दिया। वह भी नहीं सम्हाल पाई और गिर गई। पोते को मदन ने किसी प्रकार सम्हाला लेकिन बेटी रितेश्वरी बुरी तरह से घायल हो गई। कुछ देर बाद उसने देखा कि उसकी अचेत पत्नी को कुछ लोग गाड़ी में चढ़ा रहे थे। उसने बताया कि भीड़ में उसकी पत्नी नीचे गिर गई थी। भगदड़ में वह लोगों के पैरों से बुरी तरह कुचल गई थी। इस दौरान उसने मदद के लिए गुहार भी लगाई, लेकिन न तो कोई पुलिस जवान मदद को आया और न ही समिति का कोई सदस्य। घायल अवस्था में पत्नी और बेटी को उसने अस्पताल पहुंचाया।

### अव्यवस्था ने ली जान

मदन ने बताया कि हर नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। पुलिस और मंदिर समिति को इसके लिए तैयार रहना चाहिए। इस घटना से व्यवस्था की पोल खुल रही है। पुलिसिंग काफी कमजोर है। मदद के लिए बुलाने पर भी कोई पुलिस वाला नहीं पहुंचा। यही नहीं अस्पताल मंदिर से 12 किमी दूर है। जब सोनिया को एंबुलेंस में चढ़ाया गया, तब उसकी सांस चल रही थी। एंबुलेंस में आक्सीजन सहित अन्य सुविधाओं की कमी थी। सायरन भी नहीं था, जब वे अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने सोनिया को मृत घोषित कर दिया। मंदिर में इस अव्यवस्था से उनका हंसता खेलता परिवार उजड़ गया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी सेवकराम देवांगन पिता शत्रुघन उम्र 40 वर्ष मजदूरी का काम करता था। बीते दो वर्षों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसका उपचार चल रहा था। युवक ने सोमवार की सुबह अपने घर में गमछे का फंदा बना सिलिंग पर लगे पंखे के हुक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली थाना को सूचना दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

अंचल में दुर्गोत्सव की धूम


सिर्री। जय मां दुर्गोत्सव समिति सत्ती चौक दर्रा।


सिर्री। नवजागरण दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक दर्रा।

### 125 साल पूर्व बेलरगांव पहुंचे बंजारा जाति के सरदार को दंतेश्वरी मांई ने दिया था दर्शन

# पत्थर लेकर सपने में आई मां ने कहा- इसमें कुटाई पिसाई करने से मेरा शरीर जल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बेलरगांव में दंतेश्वरी मांई को दो सौ साल पूर्व स्थापित किया गया था। बताया जाता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना मां दंतेश्वरी मांई अवश्य पूरी करती है। यहां क्वांर नवरात्र एवं चैत्र नवरात्रि पर भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्वलित की जाती है। इस साल दंतेश्वरी मांई के मंदिर में कुल 321 ज्योति प्रज्वलित की गई है जिसमें तेल की 306 और घी की 15 ज्योति जल रही है।

दंतेश्वरी मांई की महिमा बहुत ही चमत्कारी है। ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष लीलांबर साहू, पूर्व ग्राम समिति अध्यक्ष शशिभूषण भारती, संरक्षक कैलाश

**बेलरगांव की दंतेश्वरी मांई करती हैं भक्तों की मनोकामना पूर्ण**





प्रजापति ने बताया कि 125 साल पूर्व सड़कों का साधन नहीं हुआ करता था। उस समय बंजारा जाति के लोग व्यापार करने दंतेवाड़ा पहुंचे थे। उस समय एक चौड़ा पत्थर बंजारा जाति के लोगों को मिला। फिर उस पत्थर को कुटाई एवं पिसाई करने के लिए अपने पास रख लिया और उस लस्कर की वापसी बेलरगांव में हुई। दल में बहुत सारे लोग एवं जानवर भी थे। फिर उस पत्थर में मिर्ची एवं अन्य सामग्री की कुटाई पिसाई की। इसी दरम्यान खाड़ु लस्कर के सरदार को मां दंतेश्वरी मांई का सपना आया। उनके हाथ में पत्थर था। मां ने कहा कि पत्थर में कुटाई पिसाई करने से मेरे शरीर में जलन हो रही है । मैं बहुत परेशान हूं । सरदार की अचानक नींद खुली। सरदार पत्थर की साफ- सफाई कर उसे पुराना हटवारापारा में स्थापित कर वहां फिर चले गए। गांव में कुछ वर्षों बाद हैजा बीमारी फैली। फिर बेलरगांव के बुजुर्गों ने शीतला मांई के पास अर्जी विनती की और देवी शीतला को बुलाया। शीतला मांई ने बताया कि गांव में एक और देवी हैं। आप लोग उसकी शरण में जाओ वही आप लोगों का दुख दूर कर सकती हैं। फिर गांव के बुजुर्ग उसकी शरण में गए। देवी ने कहा कि आपकी तकलीफों को दूर कर सकती हूं। आप लोग मुझे क्या दोगे तब गांव के बुजुर्गों ने कहा कि पहला फूल आपको चढ़ाएंगे। आज भी दंतेश्वरी मांई की मड़ई होती है जिसमें पहला फूल दंतेश्वरी मांई को चढ़ाया जाता है।

हटवारापारा में उस पत्थर को स्थापित किया। वहां जगह कम होने के कारण बेलरगांव के बस स्टैंड में ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर बनवाया गया। दंतेश्वरी मांई को इस मंदिर में स्थापित किया गया। कहा जाता है कि जो भी यहां अपनी मन्नत मांगने आते हैं । मां उसकी मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं।

## मां शीतला के दरबार में जले आस्था के दीप





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

क्वांर नवरात्रि में ग्राम मड़ेली के शीतला मंदिर दरबार में मनोकामना के 209 दीप प्रज्वलित किए गए है। घी के 6 दीप जलाए जा रहे हैं। गांव में 6 जगह मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई है। प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं। बैगा निरंजन निषाद ने बताया कि सेवागीत से मां को याद किया जा रहा है। सोमवार को देवी पंचमी पर मां शीतला को सोलह श्रृंगार श्रद्धालुओं ने अर्पण किया। गांव की देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि के लिए मां से प्रार्थना की। नौ दिनों तक शीतला मंदिर में भक्तों की भीड़ रहेगी। ज्योत की सुरक्षा के लिए मां के भक्त सेवा में लगे हुए हैं।

इस अवसर पर पंचराम साहू, डेरहाराम साहू, सुखनंदन बैस, रिखी राम बैस, निलेश ध्रुव, बंटी साहू, संतोष साहू, भागवत बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# करेली बड़ी में हो रहे मां दुर्गा के नौ रूप के दर्शन

- मां को प्रसन्न करने जसगीत, रामधुनी समेत कई धार्मिक कार्यक्रम का हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। करेली बड़ी उपतहसील के गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमा विस्थापित हो चुकी है। घरों में ज्योत जंवारा, शीतला में आस्था के दीप प्रज्वलित हो रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम करेली बड़ी में दूसरी बार मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रतिमा विराजमान है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बीच में मां दुर्गा और दोनों तरह उनके चार-चार रूप विराजमान हैं। असवन निषाद, हिमांचल निषाद, भारत निषाद, नीलकमल, अक्कू ध्रुव ने



बताया कि पंचमढ़ी पारा दुर्गोत्सव समिति करेली बड़ी विगत 15 वर्षो से मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान कर रही है। 2024 में उन्होंने खास अंदाज में मां दुर्गा के नौ रूपों की प्रतिमा विराजित की है। पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कुष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री की प्रतिमा विराजमान हैं।

शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने देवी दर्शन किया। दुर्गा मां के रूपों को देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। मां के नौ रूपों के दर्शन कर शक्ति सुख समृद्धि की कामना भी कर रहे हैं। भक्तगण नौ दिनों तक पूजा- अर्चना कर गांव के सुखमय के लिए मां की आराधना कर रहे हैं। 12 अक्टूबर को मां दुर्गा को जलकुंड में विसर्जित कर दशहरा पर्व मनाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि गांव में विभिन्न समितियों द्वारा 8 स्थानों पर दुर्गा स्थापित की गई है। शीतला मंदिर में आस्था के दीप जगमगा रहे हैं। गांव में पुलिस चौकी, जयस्तम्भ चौक, बजरंग चौक, पुराना बाजार चौक, पटवारीपारा गांधी चौक, पंचमढ़ी पारा, बनियातोरा सरगम समिति, मजराटोला में दुर्गा स्थापित की गई है।

# शाकंभरी मंदिर में जल रहे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा में कोसरिया पटेल मरार समाज की इष्ट देवी मां शाकंभरी का मंदिर है। इस नवरात्रि पर्व पर कोसरिया पटेल मरार समाज सिहावा राज द्वारा ज्योति प्रज्वलित की गई है। मौके पर कोसरिया पटेल मरार समाज सिहावा राज संरक्षक अमरसिंह पटेल, लतखोर पटेल राजा, नारायण पटेल खुटैत, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, रामेश्वर पटेल उपाध्यक्ष, दिलीप पटेल कोषाध्यक्ष, सचिव डिलेश्वर पटेल, पुरषोत्तम पटेल न्याय समिति सदस्य, बेदन पटेल समेत कार्यकारिणी सदस्य बालकदास वैष्णव आचार्य, लकेश पटेल अध्यक्ष सिहावा, दिलीप पटेल,



कमल पटेल, प्रभाकर पटेल, गणेश पटेल, राजेंद्र पटेल, लोकेश पटेल, कुबलेश्वरी पटेल, लता पटेल मां की सेवा में जुटे हैं।

वहीं ग्राम सांकरा के कोसरिया मरार पटेल समाज के भवन में आस्था के ज्योत प्रज्वलित हो रहे हैं। यहां ग्रामीण कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, कार्यकारिणी सदस्य बेदन पटेल, न्याय समिति सदस्य पुरूषोत्तम पटेल, खेदुराम पटेल, रूद्रेश्वर पटेल, बलिराम पटेल, अश्वनी पटेल, रवि पटेल, महेंद्र पटेल, पालेश पटेल, सेवक पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, बिदेश्वर पटेल, युवराज पटेल, तोषक पटेल, धनेश पटेल, रूपेश पटेल, रामाधार पटेल, तीरथ पटेल, मनोज पटेल, दुर्गेश पटेल, रमेश पटेल का सहयोग मिल रहा है।

यह जानकारी कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज मीडिया प्रभारी राजू पटेल ने दी है।

## शीतला में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

नवरात्रि पर ग्राम कुहकुहा के शीतला मंदिर में आस्था की ज्योति प्रज्वलित की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम के सुख, शांति, समृद्धि की कामना के लिए भक्त माता की सेवा में लीन है। मंदिर में भक्तों द्वारा 8 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है।

## भैंसमुंडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 500 से अधिक लोगों को दिलाई सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के महापर्व में भैंसमुंडी के कार्यकर्ताओं ने 500 से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। अजय चंद्राकर विधायक के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में भैंसमुंडी के कार्यकर्ताओं ने एक बूथ में 500 के लक्ष्य को पार करते हुए अपनी मेहनत के बलबूते पर बूथ क्रमांक 189 में 525 लोगों को भाजपा का मेंबरशिप बनाया। इसके बाद



कार्यकर्ताओं द्वारा थानेश्वर तारक सरपंच गोजी को रजिस्टर व मेंबरशिप बुक सौंपी।

सदस्यता अभियान में ग्राम प्रभारी त्रिलोकचंद साहू सरपंच भैंसमुंडी, दुर्योधन निषाद उपसरपंच बूथ अध्यक्ष, केदार साहू पूर्व सरपंच, दुर्गा साहू पूर्व सरपंच, सतरूपा साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष, दिलीप साहू , लक्ष्मीकांत युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सिर्री मंडल ,डॉ भानु साहू, डॉ रोशन साहू , ओमप्रकाश यादव, विरेन्द्र साहू, तोपचंद साहू, पोषण साहू, दिवाकर साहू , ललित साहू, पुष्कर साहू ,प्रेम साहू, पूरण यादव, केदार यादव, देवलाल, कैलाश, भावसिंह, डेरहू, संतोष, रोहित गोपी, थानु, देवनारायण निषाद का योगदान रहा। इस पर विधायक श्री चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सीएम और सहकारिता मंत्री को मांगपत्र सौंपा





**पुरी।** जल जगार कार्यक्रम में गंगरेल पहुंचे मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री को सहकारी कर्मचारियों ने अपनी लंबित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदेश सलाहकार बलदेवराम साहू, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# सही राह दिखाने वाले ही महात्मा हैं : अवधराम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- करेली बड़ी में गांधी और शास्त्री को किया नमन

गांधी चौक करेली बड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अवधराम पाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर देश को आजादी दिलाई। सही राह दिखाने वाले ही महात्मा हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। पंच यादराम ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कंडेल नहर सत्याग्रह की घटनाओं का जिक्र किया।



चंदू जामरे ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा का मार्ग अपनाकर देश को स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। कंवलराम साहू ने लालबहादुर शास्त्री के जीवन पर गीत की प्रस्तुति दी। खेमलाल साहू ने महात्मा गांधी का जीवन परिचय दिया। अनीता साहू ने कहा कि गांधी एवंशास्त्री ने किसानों के हित में काम किया। पोखराज निषाद ने महात्मा गांधी के अनेक आंदोलन को विस्तार से बताया। हृदयराम साहू ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी वस्तु का उपयोग करने एवं विदेशी वस्तु का बहिष्कार किया। रामाधार साहू ने कहा कि गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और देश को स्वतंत्रता दिलाई। सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि संघर्ष और परिश्रम से ही मंजिल मिलती है। आभार व्यक्त केवलराम साहू ने किया। उन्होंने नशा से दूर रहने की बात कही।

मौके पर सुरुज देवी साहू, डामेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच नंदलाल निषाद, पंच यादराम निषाद, व्यासनारायण साहू, श्रीराम साहू, प्रह्लाद निषाद, बीरचन्द साहू, हिरदेराम साहू, कुंजू सोनकर, चम्मनलाल साहू, युवराज साहू, दानेश्वर सिन्हा, कल्याण पाल, खेदूराम साहू, सोनू सिन्हा, रोशन साहू, अघनू निषाद, दयाराम साहू समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

- कोसमर्रा में गांधी जयंती पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

कोसमर्रा में महादेव रक्त दान समिति एवं एनएसएस शाउमावि कोसमर्रा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान कर गांधीजी के सपनों को साकार करने का प्रयास किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं हेलमेट प्रदान कर कहा कि एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर गांधीजी के सपनों को पूरा किया। किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में रक्तदान का बड़ा योगदान




रहता है। इस अवसर पर भूपेश साहू, देवराज नेताम, पिंकू मंडल, पप्पू मरकाम, साहिल गंजीर, उत्तम साहू, दुलेश ध्रुव, खुमेश साहू, रोमेश साहू, टेकराम गंगबेर, धनेंद्र बनपेला, ओमेश रधुवंशी, बबलू कंवर, रेखराम साहू, राजकुमार यादव, दिनेश साहू, लालजी साहू , बंशी साहू, वासुदेव साहू मुल्ले, गजेंद्र साहू, सब्बीर खान, ओमप्रकाश साहू, कोमेश साहू, खुमान साहू, दुष्यंत साहू, नागेंद्र साहू, कुलदीप साहू, कृष्णा निषाद, कृष्णा यादव, दया निषाद, कमलनारायण अठनागर, रोहित साहू, धनेश्वर साहू, डोमन देवांगन, सोमू गंगबेर, मोहन साहू, दुलेश्वर साहू, सोनू साहू, नीलकमल देवांगन ने रक्तदान किया।

इस आयोजन में महादेव रक्तदान समिति के सदस्य डॉ. कुलेश्वर साहू, ओंकार कश्यप, भूपेश साहू, पिंकू मण्डल, देवराज नेताम, पप्पू मरकाम, अमित बनपेला, मनोज देवांगन, उत्तम साहू, कुशल यादव, कृष्णा निषाद, साहिल गंजीर, नागेंद्र साहू, धनेश्वर साहू, टिकेश्वर गंगबेर, दीपक साहू एवं केतु साहू ने सहभागिता प्रदान की।

### राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट्स स्पर्धा के लिए दर्रा के छात्रों का चयन

# छात्र करेंगे संगीत के साथ 150 सेकेंड में 10 आसन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा के छात्रों का चयन 5 वीं छत्तीसगढ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता मनसा कॉलेज भिलाई (दुर्ग) में 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर के बीच होगी।

लता रात्रे पिता गिरीश रात्रे, रागिनी साहू पिता भूखनलाल साहू, हिमांशी साहू पिता एसकुमार साहू, उपासना साहू पिता राजूलाल साहू, खुशी ध्रुव पिता मोहनलाल ध्रुव,



गामिनी साहू पिता गुरूचंद साहू, रूपाली साहू पिता कुलंजन साहू, पुष्पेन्द्र रात्रे पिता गिरीश रात्रे, मनोज साहू पिता आंनद साहू, खोमेन्द्र साहू पिता खेमंत साहू का चयन राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्टस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में संगीत के साथ ट्रेडिसनल योग, रिदमिक योग, आर्टिस्ट योग किये जायेंगे। 150 से 180 सेकण्ड में दस आसन किया जाना है। फारवर्ड बैंडिंग, बैंक बैण्डिग, बॉडी ट्यूस्टिंग, लेग बैलेसिंग, हैण्ड बैलेंसिंग आदि आसनों का मिश्रण करके संगीतमय योग किया जाता है।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी टी आर जगदल्ले, सहायक जिला खेल अधिकारी थामस पॉल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आरएन मिश्रा, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीके साहू, योगा संघ के अध्यक्ष गितेश प्रजापति , महासचिव भोजेन्द्र साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू, दर्रा सरपंच त्रिलोचन साहू, संस्था प्रमुख नीलकमल साहू, नरसिंगनाथ साहू, दीनबन्धु चन्द्राकर, लोकेश्वर चेलक, गजेन्द्र सिंह राजपूत, डेरहूराम साहू, सुरेन्द्र साहू, विधि ध्रुव, सालिकराम देवांगन, अशोक चंद्रवंशी, युगलकिशोर वर्मा, राजकुमार साहू, नारायणसिंह नेताम, युवराज खत्री, गेमाराम साहू, बालमकुंद साहू, सुनील साहू, पुष्पेन्द्र साहू, परमत नाग ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने छात्रों को किया प्रेरित



**कुरूद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के प्रथम वर्ष के ऐसे छात्र जिनकी आयु 01.01.2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, उन्हें अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने प्रेरित किया गया। स्वीप के नोडल अधिकारी हितनारायण टंडन ने वोटर हेल्प लाइन एप की विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं के मोबाइल में इंस्टाल भी करवाया। छात्रों को बताया कि वे वोटर हेल्पलाइन एप की सहायता से अपना मतदाता परिचय पत्र स्वयं बनवा सकते हैं। यदि आवश्यक हो तो बीएलओ की सहायता ले सकते हैं। कार्यक्रम में स्वीप इकाई के साथ यूथ रेडक्रास और एनएसएस की दोनों इकाई के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## निधन

### भूपेन्द्र देवांगन



**धमतरी।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी भंवरलाल देवांगन के छोटे पुत्र भूपेंद्र देवांगन उम्र 45 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार की रात्रि 10:30 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान हाउसिंग बोर्ड कालोनी से हटकेश्वर घाट के लिए निकली। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने गरबा नृत्य में मचाई धूम

**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर स्कूल में नवरात्रि पर्व में बच्चों के लिए गरबा नृत्य रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या योगिता साहू ने की। राधिका, दीपाली, भूमिका, रूपेश, खेमराज, नीलकमल, शौर्य, याचना, सुकृति, जान्हवी, गीताली, रेशमी, दीक्षा, हितेश, पोलेश, काव्या, आदित्य, सामर्थ्य, वंश, नोवेंद्र, लेमन ने गरबा नृत्य में भाग लिया। शिक्षकाओं दुर्गा यादव, नोमेश्वरी साहू, महेश्वरी साहू, चंद्रलता मनहरे, ऐश्वर्या साहू, मुकेश्वरी निर्मलकर और सीमा पटेल ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के महासचिव बने दिग्विजय

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू की अनुशंसा पर



दिग्विजय सिंह साहू को रायपुर संभाग आईटी प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ के महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है। दिग्विजय सिंह ने बताया कि साहू समाज की नीतियों के अनुरूप संगठन को सशक्त बनाने में अपने दायित्वों का सत्यनिष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा एवं सामाजिक सेवा में हमेशा अग्रणी रहूंगा। उनकी नियुक्ति पर परिक्षेत्र साहू समाज सेमरा अध्यक्ष हेमेन्द्र साहू, भखारा नगर साहू समाज अध्यक्ष जितेंद्र तेलासी, भुनेश्वर साहू, युगलकिशोर साहू, खिलेश साहू, थानेश्वर साहू, गोपीकिशन साहू, कृष्णदयाल साहू, हितेंद्र साहू, यदुनंदन साहू, तेजराम साहू, दयालुराम, बुद्धदेव साहू, भास्कर साहू सहित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# एडीबी टीम ने गुणवत्ता जांच के लिए सड़क खोदकर एकत्र किये नमूने

■ कुरुद बाईपास रोड की हुई कोर कटिंग, जांच के बाद पता चलेगा क्यों बार-बार मरम्मत के बाद भी धंस रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



नेशनल हाईवे से कुरुद बाईपास तक डेढ़ किलोमीटर की सड़क बार-बार मरम्मत के बाद भी धंस रही है। सड़क धंसने का असली कारण क्या है जिसका पता लगाने सड़क निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों की टीम ने कोर कटिंग कर जांच सैम्पल को लैब भेज दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चल जायेगा कि सड़क के धंसने की असली वजह क्या है।

गौरतलब हो कि एडीबी के तहत सवा साल पहले करीब सौ करोड़ की राशि से कुरुद से पांड़का तक का सड़क का निर्माण हुआ था जो 6 माह बीतने के बाद से ही खराब होना शुरू हो गया। सर्वाधिक दयनीय स्थिति नेशनल हाईवे से कुरुद बाईपास योगा चौक तक की सड़क की है। जो बार-बार मरम्मत किये जाने के बाद भी धंस जा रही है। प्रथम दृष्टया इस सड़क के धंसने का बड़ा कारण इस रोड की क्षमता से तिगुना भारी वाहनों का आवागमन बताया जा रहा है वहीं सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार पर भी निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का भी आरोप लग रहा है।

### चार माह पहले जांची जा चुकी है सड़क भार क्षमता

इस टू लेन सड़क में भारी वाहनों के चलने से करीब दो तीन इंच का सिंक पड़ गया है। इस समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने के लिए चार माह पहले राजस्थान की ईटीएल सर्वे एजेंसी के जरिये आधुनिक मशीन से इस मार्ग में हर घंटे कितनी भार क्षमता वाली गाड़ियां गुजर रही हैं, इसका डेटा जुटाया जा रहा था। इस रोड का काम देख रहे एडीबी अधिकारी ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट आने के बाद कुरुद से मेघा तक की सड़क को दोबारा बनवाया जाएगा।

### प्रतिदिन 60 से 70 टन वजनी वाहन चल रहे

9 से 15 टन क्षमता वाली सड़क पर प्रतिदिन 60 से 70 टन वजन वाले वाहनें चल रहे हैं। प्रथम दृष्टि तो सड़क धंसने का मुख्य कारण यही मालूम पड़ रहा है। फिर भी सड़क की गुणवत्ता जांच के लिए हमने कोर कटिंग कर सैम्पल लेकर जांच हेतु भेज रहे हैं। जांच उपरांत पता चल जाएगा कि इतनी जल्द सड़क खराब होने का असली कारण क्या है।

-एलएनएस राठौर, *एसडीओ एडीबी*

### क्षतिग्रस्त जगहों से एकत्र किये नमूने

सोमवार को एडीबी सड़क निर्माण परियोजनाओं से जुड़े एसडीओ एवं इंजीनियरों की टीम ने कोर कटिंग मशीन से डामर कस घनत्व, परत की मोटाई, वायु पारगम्यता, डामर संपीड़न शक्ति, डामर मिश्रण परीक्षण आदि जैसे कार्यों की गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए डामर कोर परीक्षण मशीन से सैम्पल कलेक्शन किया है। अब यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा कि इस सड़क के निर्माण में ही गड़बड़ी रही है जिसके कारण सड़क बार बार धंस रही है या इसका और दूसरा कारण है। कोर कटिंग के लिए उस जगहों का चयन किया गया जहां सड़कें ज्यादा धंसी हुई हैं।

# उमरगांव में नवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम



■ मनमोहक प्रस्तुति दिए जाने वाले कलाकारों को मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम उमरगांव में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं विजयदशमी महोत्सव पर माता रानी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर विधिवत पूजा अर्चना पुरोहित दिलीप पाठक द्वारा प्रतिदिन की जाती है। मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। श्रद्धालुजनों द्वारा माता सेवा का भजन कीर्तन किया जाता है।

रात्रि में मनोरंजन के लिए ग्राम के हर मुहल्ले से रात्रि में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है। जय बजरंग मंडली, नवीन मंडली, जय गजानन मंडली, शिवानंद मंडली, श्री राम जानकी कला निकेतन मंडली, गौरा चौक ठाकुरपारा मंडली द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। विजयादशमी की रात्रि में जय अम्बे जस झांकी अरकार जिला बालोद का मंचन होगा। कार्यक्रम में नव दुर्गा उत्सव समिति एवं विजयदशमी महोत्सव के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण मारकोले, हेमंत ठाकुर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सेन, सचिव रोमेश साहू, विष्णु शेष, सहसचिव तुकाराम निषाद, नारायण पुजारी, डिकेश्वर साहू, तोपेंद्र साहू, दुर्गेश पुजारी, सुरेश मरकाम, नकुल सुर्यवंशी, कुन्दन यादव, मंशा सोम, लखन पुजारी, जनक साहू, चन्द्रभान यादव, मोहन पुजारी, मिश्रीलाल साहरा समेत ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### भूगोल विभाग के छात्रों ने दिया व्याख्यान

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्मार्ट क्लास रूम में छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। एम.ए.तृतीय सेमेस्टर भूगोल के 17 छात्र-छात्राओं ने जनसंख्या भूगोल, अधिवास भूगोल, जैव भूगोल एवं शोध प्रविधि से संबंधित दिए गए विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। एमए प्रथम सेमेस्टर के 14 छात्र-छात्राओं ने भू-आकृति विज्ञान, जलवायु विज्ञान, भौगोलिक चिंतन एवं भारत का भूगोल पर व्याख्यान दिया। छात्र-छात्राओं ने अपने व्याख्यान को ट्रांसपेरेन्सी एवं पेन ड्राइव पर तैयार कर ओव्हरहेड प्रोजेक्टर एवं एलईडी प्रोजेक्टर तथा ब्लैक बोर्ड के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जरही माता मंदिर में 400 ज्योति प्रज्ज्वलित





**धमतरी।** ग्राम सांकरा के जरही माता मंदिर में भक्तों ने मनोकामना ज्योति जलाई है। ग्रामीण गोविन्द चक्रधारी ने बताया कि जरही माता मंदिर में 400 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। माता की महिमा दूर-दूर तक फैली हुई है। सच्चे मन से माता की आराधना करने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है।

### महाविद्यालय परिसर में रोपे गए पौधे




**अंवरी।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पौधरोपण किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हरखचंद जैन, जनभागीदारी समिति के सदस्यों, प्राध्यापकों तथा रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा कुल 60 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षक बनने की जरूरत है। मौके पर प्राध्यापकगण डॉ. एलआर डोंगरे, आनन्द सोनी, डॉ. कविता वैष्णव, दिनेश नाग, डॉ. अविनाश आर निचत, रामकिशोर यादव, शकुंतला कोसरिया सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, लोकेंद्र सुधाकर ग्रंथपाल, अनुनय टोप्पो विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र , हरविंदर सिंह कुर्रे विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र सहित अन्य उपस्थित थे।

### सिर्री में माता दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्त





**सिर्री।** ग्राम सिर्री के स्कूल चौक में जय अम्बे मां दुर्गा युवा समिति स्कूलपारा द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह-शाम पूजा आरती में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ लग रही है। पंडाल में 53 श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की है। माता एवं प्रज्ज्वलित ज्योति कलश के दर्शन करने रोज भक्तों का तांता लगा रहा है। माता की सेवा में पंडा निरंजन साहू, राजेश पटेल, भागवत सहित समिति के गुहाराम, परमेश्वर, नीलम साहू, सुखराम देवांगन, पूनाराम, सरजूराम, रामेश्वर देवांगन, मनोज, प्रकाश, सोमप्रकाश, लीलेंद्र, निलेश, नरेंद्र, हरि, सीताराम, प्रमोद, हरिश्चंद्र, बलराम जुटे हुए हैं।

### ऋग्वेद एकेडमी में नवरात्रि उत्सव मनाया गया



**धमतरी।** ऋग्वेद एकेडमी गोकुलपुर में नवरात्रि उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। उत्सव का आरंभ श्रीमती सूर्यप्रभा चेट्टियार द्वारा दुर्गा सप्तशती एवं दुर्गा चालीसा का पाठ कर किया गया। मां दुर्गा के नौ रूपों का वर्णन किया मां दुर्गा के नवरूपों की महाआरती की गई। अईगिरी नंदिनी सामूहिक शास्त्रीय संगीत के साथ मां काली के क्रोधित रुप को शांत करते शिवजी की मनोरम झांकी प्रस्तुत की गई। इसके बाद गौरी नगर की महिलाओं द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विनीता प्रजापति, गंगा साहू, स्वप्ना पदमवार, प्रज्ञा साहू , नेहा साहू, ज्योति मत्स्यपाल, अंजु रजक, प्रवीण, ज्ञानेश्वरी, नेहा साहू, विमी साहू समेत पालकगण शामिल रहे।

### लोकल फार वोकल पर दिया जोर

**धमतरी।** शक्ति की भक्ति के साथ ही हिंदुओं के प्रमुख त्योहारों का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है। इन महत्वपूर्ण त्योहारों का सीधा असर हमारे देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।समाजसेवी दीपक ठाकुर ने लोगों से अपील की है कि आने वाले इन उत्सवों में आनलाइन खरीदी न कर घरों से बाहर निकलकर दुकानों से खरीदी करें। उन्होंने लोकल फार वोकल पर जोर देते हुए कहा कि इससे घरेलू व्यवसाय में वृध्दि होगी साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान होगी। बाजार से की गई खरीदी से सरकार के राजस्व में भी इजाफा होता है और आगे चलकर वही राजस्व हमारी मूलभूत जरूरतों में सहायक सिध्द होता है।

# मौरीकला में सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 15 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ युवा 30 अक्टूबर तक करा सकते हैं अपना पंजीयन

ग्राम मौरीकला में एकेडमी सेना भर्ती संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सेना भर्ती एवं पुलिस भर्ती की तैयारी हेतु युवाओं के लिए प्री-फिजिकल, मेडिकल टेस्ट एवं लिखित परीक्षा का आयोजन 15 नवंबर शुक्रवार को किया गया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती इवेंट में 100 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, अग्निवीर, सहित एसएससी के समस्त प्री-फिजिकल , मेडिकल की परीक्षा 15 नवंबर को होगी। लिखित परीक्षा 100 नंबर की होगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। पंजीयन शुल्क 200 रूपये है।

प्री-फिजिकल परीक्षा के विजेता को प्रथम पुरस्कार 1500 रुपए, द्वितीय 1000 रूपये, तृतीय 500 रूपये दिया जायेगा। लिखित परीक्षा में प्रथम 1500 रुपए, द्वितीय 1000 रूपये, तृतीय 500 रूपये निर्धारित है। प्रतिभागी के प्री-फिजिकल, मेडिकल एवं लिखित में प्रदर्शन के आधार पर ओवर ऑल प्रथम रैंक आने पर 3000 रूपये, द्वितीय पर 2500 रूपये, तृतीय पर 2000 रूपये दिया जाएगा। इस दौरान उत्तम प्रकाश भूतपूर्व सैनिक, प्रशिक्षक कृष्णा निषाद पीटीआई, पुष्पसेन निषाद सीआरपीएफ, नवीन कुमार नगारची अग्निविर, अजय निषाद सीएएफ, कन्हैया लाल गुरु भूतपूर्व सैनिक, मधु यादव बीएसएफ, लोवित रत्नाकर बीएसएफ भूतपूर्व सैनिक, मनहरण साहू भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में खुशबू यादव सरपंच, जनपद सदस्य तामेश्वरी गौकरण साहू, नीलमणि निषाद, दुलेन्द्र साहू, डॉ. खिलावन साहू, देवराज विश्कर्मा, डॉ. बंटी साहू, डॉ. होरी लाल निषाद, डॉ. सरोज निषाद, अरविंद, संजय निषाद, डगेश्वर निषाद, रोशन साहू, मिथिलेश सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहेगा।

# गरिमा-आरू ने दिया जल बचाने का संदेश

■ लोकगायिका के छत्तीसगढ़ी, जस गीतों ने बांधा समा, झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जल जगार महोत्सव के पहले दिन गरिमा दिवाकर और आरू साहू ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इनकी प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी महत्वपूर्ण काम किया। गरिमा ने अपने नृत्य के माध्यम से जल के महत्व को दर्शाया और इसकी रक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उनकी हर हरकत में एक गहरी सोच और भावनाएं थीं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। उनके नृत्य में शामिल परंपरागत और आधुनिक तत्वों का मिश्रण एक नया अनुभव प्रदान करता था।

आरू साहू ने भी अपनी गायकी से दर्शकों को बांध लिया। उनके गाए गीतों में जल के संरक्षण और प्रकृति की सुंदरता का चित्रण था। आरू की आवाज़ में एक जादुई प्रभाव था, जिसने दर्शकों को उनके गीतों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि जल के महत्व को भी रेखांकित किया।

गौरतलब है कि यह कार्यक्रम न केवल कला का प्रदर्शन था, बल्कि यह समाज में एक सशक्त संदेश देने का भी माध्यम था। जिससे जल जगार महोत्सव के दौरान माहौल और भी जीवंत हो गया। इस कार्यक्रम ने एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया, जिससे सभी ने जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा। जल जगार महोत्सव ने न केवल सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य भी किया।

### अनुज के छत्तीसगढ़ी गीत पर दर्शक देर रात तक झूमे

**धमतरी।** जिले में आयोजित जल जगार महोत्सव के समापन पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय (खैरागढ़) और स्थानीय छात्रों द्वारा विशेष रूप से क्यूरेट किया गया। प्रदर्शन जल सरंक्षण की थीम पर किया गया। प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। अनुज शर्मा ने अपनी टीम के साथ मिलकर रंग-बिरंगे परिधानों में स्थानीय नृत्य प्रस्तुत किया। दर्शक देर रात तक झूमते नजर आये। उनकी कला में जल संरक्षण का संदेश बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि पानी न केवल जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके कार्यक्रम में जल की उपयोगिता, संरक्षण और बचत के तरीकों पर विभिन्न प्रदर्शन किए गए। अनुज ने बच्चों को जल बचाने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताते हुए उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों से भी संवाद किया, जिसमें उन्होंने जल के संरक्षण में सभी की जिम्मेदारी को रेखांकित किया।



# क्षेत्रीय एवं प्रदेश संगठन मंत्री का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

आमदी मंडल अंतर्गत ग्राम रांवा में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय का आगमन हुआ। मंत्रियों ने आमदी मंडल महामंत्री अमन राव के घर पर भोजन किया। महामंत्री अमन राव एवं नेहा गायकवाड़ ने भारतीय संस्कृति के साथ सम्मान किया। इस दौरान रामू रोहरा प्रदेश भाजपा महामंत्री, इंदर चोपड़ा, रंजना साहू, प्रीतेश गांधी, महेन्द्र पंडित, प्रकाश बैस, चेतन हिन्दूजा, अविनाश दुबे, मुरारी यदु मौजूद थे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## दुर्गा पंडाल में विधायक ने लिया माता से आशीर्वाद

# नवरात्र और गरबा का है गहरा रिश्ता : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



क्वांर नवरात्रि पर विधायक ओंकार साहू ने ग्राम आमदी, बागोडार, ढीमरटिकुर नवागांव के दुर्गा पंडालों में पहुंचकर आदिशक्ति मां का आशीर्वाद लिया।

नगर पंचायत आमदी में गरबा नृत्य व नवागांव में छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत व बागोडार में रामायण कार्यक्रम का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा किया गया। विधायक श्री साहू ने अतिथि उद्बोधन में कहा कि इन दिनों देशभर में नवरात्रि की खुशी दिख रही है। नौ दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में लोग मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। इस पर्व को उत्साह से मना रहे हैं। नवरात्रि का त्योहार हो और गरबा का जिक्र न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता। नवरात्रि और गरबा-डांडिया का एक-दूसरे से गहरा रिश्ता है। गरबा आदिशक्ति मां दुर्गा को भी बहुत पसंद था इसलिए मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिये लोग नवरात्रि में गरबा का नृत्य करते हैं। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, गजेंद्र कुम्भकार नेता प्रतिपक्ष, घनानन्द साहू पार्षद, व्यासनारायण निषाद पार्षद, पारसमणि साहू, नागेंद्र साहू, रामचंद्र साहू, छब्लू साहू, दिनेश गेडाम, नीलकंठ साहू, भेवेन्द्र साहू, पुनीत ध्रुव, हरिनारायण गंजीर, मंगलूराम गंजीर, मोहनलाल साहू, सालिकराम गंजीर, भीखम नेताम, आत्माराम नेताम, चंद्रहास नगवंशी, चंद्रदेव, रोहित, ईश्वर, कृष्णा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## खबर संक्षेप



### माता की आराधना में जुटे भक्त

**नगरी।** नव दुर्गा उसव समिति द्वारा ग्राम उमरगांव में मां अंबे की प्रतिमा विराजित की गई है। भक्त मां की पूजा-अर्चना और आराधना में लीन हैं।

### बाना सांगा के साथ होगी माता की विदाई

**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया जाएगा। नवदुर्गोत्सव समिति के भोजराम साहू, बिरझू साहू, गेसू साहू, जगदेव साहू, चंद्रहास साहू, होरीलाल साहू ने बताया कि समिति तथा ग्रामवासियों के तत्वावधान में 11 अक्टूबर को माता का विसर्जन भव्य रूप से किया जाएगा। रायपुर स्थित माना तथा भटगांव के कलाकारों की बाना सांगा की अद्भुत प्रस्तुति के साथ माता का विसर्जन किया जाएगा।

### सलोनी स्कूल की छात्राओं का हॉकी में चयन



**धमतरी।** माध्यमिक शाला सलोनी की खिलाड़ियों भारती, रेणुका, रोशनी, होमिन, मीनाक्षी का चयन राज्यस्तरीय हॉकी में हुआ है। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में 9 अक्टूबर तक होगी। संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता महासमुंद में 14 सितंबर को हुई थी। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक जेआर नेताम, नटवरलाल कन्नौजे, डिकेश्वरी, भोपेश्वरी साहू ने हर्ष जताया है।

### सॉफ्ट टेनिस में आत्मानंद स्कूल के 3 छात्रों का चयन



**आमदी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमदी के तीन छात्रों का चयन राज्यस्तरीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुआ है। व्यायाम शिक्षक टीपी साहू ने बताया कि प्रतियोगिता 6 से 9 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित है। बालक वर्ग के 17 वर्ष आयु ग्रुप में ओमप्रकाश साहू पिता जनकराम साहू, यशकुमार साहू पिता एमन साहू और 14 वर्ग आयु में रूपेश कुंभकार पिता मुरलीधर कुंभकार का चयन हुआ है। इनके चयन पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष ज्योति साहू, नगर अध्यक्ष हेमंत माला साहू, प्राचार्य खिलेश साहू समेत शिक्षक स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

400 साल से भक्त कर रहे हैं माता की पूजा-अर्चना

# सिहावा पर्वत से रूष्ट होकर धमतरी पहुंचीं मां रिसाईमाता, भक्तों का कर रहीं कल्याण

- त्रेतायुग में माता धमतरी पहुंची, मंदिर बनाने भक्त को दिया स्वप्न

यशवंत साहू ▶▶धमतरी



शहर के रामसागरपारा वार्ड में विराजित मां रिसाईमाता सिहावा से धमतरी पहुंचकर स्थापित हुई हैं, जहां भक्तों की मनोकामना पूर्ण कर रही हैं। मंदिर परिसर में 30-35 साल से दोनों नवरात्रि में ज्योति कलश प्रज्जवलित होता है। माता की महिमा ऐसी है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मनौती मांगते हैं, उनकी मनोकामना जरूर पूरी करती हैं। मंदिर की विशेषता यह है कि मंदिर परिसर में मां रिसाईमाता, नवग्रह प्रतिमा, सतबहनी प्रतिमा, शिव परिवार, वैष्णवदेवी के रूप में महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, भगवान परशुराम, हनुमानजी, भैरवबाबा, सिंह व मां शीतला की प्रतिमा स्थापित है। यह मंदिर किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है, जहां भक्तों को सभी देवी देवताओं का साक्षात दर्शन होता है।

मंदिर समिति के भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मंदिर की प्रतिमा हजारों साल पुरानी है। उस समय यह स्थान बियावान जंगल हुआ करता था। लोग जाने से डरते थे। आज से लगभग 400 साल पहले धमतरी अंचल में मिश्रा, साव व मराठा परिवार का वर्चस्व था। उस समय जयकिशन साव मिश्रा को माता ने स्वप्न दिया कि इस स्थान पर मैं हजारों साल से स्थापित हूं। इस जगह की साफ सफाई करवाकर पूजा-अर्चना प्रारंभ करें। माता ने स्वप्न में यह भी बताया कि वे सिहावा पर्वत से धमतरी कैसी पहुंची। जयकिशन साव ने चिन्हित स्थान में जाकर देखा तो माता की प्रतिमा स्वप्न के अनुसार ही स्थापित थी। उन्होंने इस स्थान की साफ सफाई करवाई और छोटा सा मंदिर बनवाकर माता की पूजा-अर्चना प्रारंभ की। मोहल्लेवासी बताते हैं कि माता रात में मोहल्ले में घूमती है। घोड़े की टापू की आवाज के साथ पायल की छम-छम की आवाज सुनाई देती है।

श्री मिश्रा ने आगे बताया कि कहानी के अनुसार माता पहले सिहावा में स्थापित थीं। किवदंती के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ की कोई संतान नहीं थी। त्रेतायुग में राजा दशरथ की एक पुत्री शांता थी, जिसका विवाह सिहावा सप्तऋषि के श्रृंगीऋषि के साथ हुआ था। गुरु वशिष्ट के आदेश के मुताबिक राजा दशरथ ने श्रृंगी ऋषि को संतान प्राप्ति के लिए यज्ञ करने का निवेदन किया। श्रृंगी ऋषि अयोध्या के लिए निकल पड़े। इसी बीच ऋषि पुत्रियां एवं उनकी शिष्याएं भी ऋषि के पीछे आने लगी। ऋषि जब धमतरी पहुंचे तो शिष्याओं को वापस जाने का आदेश दिया। उस समय सात बहनें साथ थीं। बड़ी बहन बिलाईमाता नहीं मानी और ननिहाल अयोध्या जाने जिद करने लगी। आदेश नहीं मानने पर श्रृंगी ऋषि ने पत्थर हो जाने का श्राप दिया। दूसरी शिष्या रिसाईमाता रूष्ट होकर रिसाईपारा के जंगल में स्थापित हो गईं। रिसाकर स्थापित होने की वजह से माता का नाम रिसाईमाता पड़ा। बाकी पांच बहनें भी धमतरी में अलग अलग स्थानों में स्थापित हो गईं। इस प्रकार जयकिशन साव के प्रयास से धमतरी में माता की 400 सालों से पूजा अर्चना हो रही है।

1860 में नपा के प्रथम अध्यक्ष खम्हनलाल साव मिश्रा, नवलकिशोर मिश्रा के दादा के प्रयास से मंदिर का कुछ जीर्णोद्धार हुआ और पूजा पाठ, आस्था का दौर गहरा होता चला गया। 1965-66 में रिसाईपारा वार्ड दो भागों में विभाजित हो गया। माता का मंदिर रामसागरपारा वार्ड में चला गया। बता दें कि मंदिर की जमीन अभी भी खम्हनलाल साव, नवलकिशोर साव मिश्रा के नाम पर है जिसे उसके वंशजों ने मंदिर समिति को दान में दिया है। 1993-94 में पूर्व पार्षद नंदा ग्वाल व रमेश चंदेल, अशोक मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, मुन्ना साहू की देखरेख में पहली बार मंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया।

2013-14 में अशोक मिश्रा, विद्यासागर मिश्रा, रमेश चंदेल, भूपेंद्र मिश्रा, नवलकिशोर मिश्रा, सुशील मिश्रा आदि के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कर इसे भव्य रूप दिया गया। वर्तमान में यहां 80 तेल और 22 घी का ज्योति कलश प्रज्जवलित है। पंडा के रूप में विजय बाबू हैं। ज्योति कक्ष की देखरेख गन्नू यादव, गोलू यादव कर रहे हैं। वर्तमान में मंदिर का संचालन भूपेंद्र मिश्रा, अशोक मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, रमेश चंदेल द्वारा किया जा रहा है।

# बच्चों ने शिव, मां दुर्गा, काली, शारदा, नंदी महाराज की वेशभूषा में किया गरबा नृत्य

- नवरंग गरबा महोत्सव में शामिल हुए विधायक - महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




शहर के हरदिहा साहू सदन में नवरंग गरबा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां आयोजक समिति ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मातृ शक्तियों व युवाओं के साथ विधायक व महापौर ने गरबा के रंग में रंगकर नृत्य किया। बच्चों ने भगवान शिव, मां दुर्गा, मां काली, मां शारदा, नंदी महराज,गणेश भगवान, हनुमान की अलग-अलग वेशभूषा में नृत्य किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इन दिनों देशभर में नवरात्रि की खुशी दिख रही है। नौ दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में लोग मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। नवरात्रि का त्योहार हो और गरबा का जिक्र न हो ऐसा नहीं हो सकता। मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिये लोग नवरात्रि में गरबा नृत्य करते हैं। महापौर श्री देवांगन ने कहा कि धमतरी शहर का सबसे बड़ा गरबा महोत्सव हरदिहा साहू सदन में हो रहा है। मौके पर आलोक जाधव, पारसमणि साहू, रजत जसूजा ,धर्मेंद्र पटेल उमेश साहू समेत आयोजक टीम के सदस्य गुलशन छाबड़िया, कुणाल सिंह, हेमंत राजपूत, शुभांक मिश्रा, अंकित मंधान, साकेत रोहरा, श्रंस केशवाणी, आशीष आहूजा, हेमंत लडवानी, आदित्य पंसारी, पीयूष जासूजा, भूमि मूलवानी, रेणु जसूजा समेत अन्य उपस्थित थे।

# आरएसएस का विजयादशमी महोत्सव 12 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 12 अक्टूबर को गौरवपथ बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में विजयादशमी उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा देवेंद्र नंदा समाजसेविका होंगी। विशेष अतिथि संघ के सहप्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे। पथ संचलन दोपहर 3 बजे होगा। मंचीय कार्यक्रम शाम 4.05 बजे है। नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र ने सभी स्वयंसेवकों से पूर्ण गणवेश के साथ दोपहर 2 बजे एकत्रीकरण होने का आग्रह किया है। दोपहर 2.30 बजे संचलन के लिए संपत करेंगे। श्री गजेंद्र ने बताया कि 6 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव के लिए प्रातः 6.30 बजे पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण एवं अभ्यास हुआ। 12 अक्टूबर तक नूतन स्कूल में सुबह 6.30 बजे लगातार अभ्यास होगा।

## भारत का समृद्धशाली इतिहास रहा है : दीपक

**धमतरी।** ग्राम खरतुली में नवदुर्गोत्सव समिति द्वारा जसगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जय मां अम्बे जसझाँकी परिवार रामसागरपारा अरकार ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंह ठाकुर, दीनबन्धु सिन्हा, मधु सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि पंच विष्णु साहू, पूर्णिमा साहू, पार्वती साहू, तामेश्वरी साहू थे। मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने भारत के इतिहास को स्पष्ट किया। हमारा एक समृद्ध इतिहास है जिसकी साक्षी समूची दुनिया है। अगर आपको लड़ना है तो स्वयं के डर से लड़ो, निर्भय बनो, आत्मरक्षा प्रशिक्षण लो। शस्त्र चलाना सीखो, युद्धकला में पारंगत हो।



# चिवर्री में गोंड़वाना समाज ने मनाया नवाखाई पर्व



- विधायक ने क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम चिवर्री में गोंड़वाना समाज ने नवाखाई पर्व मनाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम थीं।

ज्ञात हो कि गोंड़वाना समाज की मुख्य परंपरा में नवाखाई की परंपरा भी है जो मुख्यतः नई फसल के आने के समय यह पर्व मनाया जाता है। आदिवासी समाज के लोग नई फसल धान, महुआ, गेंहू का प्रसाद अपने इष्ट देव को समर्पित करते हैं। बुजुर्गों का सम्मान किया जाता है। इस दौरान अंबिका मरकाम ने कहा कि नवाखाई पर्व के कार्यक्रम से हम एक दूसरे से मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प लेते हैं। आज हमारे समाज के लोग विभिन्न क्षेत्रों ने बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर समाज का गौरव बढ़ा रहे हैं।विधायक ने युवा प्रभाग द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

## अंचल की खबरें

### ड्राइंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता में धीवर समाज के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा आयोजित ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता में समाज के 52 बच्चों ने अपनी रंग कला एवं क्राफ्ट वर्क में अपनी मौलिक सोच एवं कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महासंरक्षक परमेश्वर फूटान एवं समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा द्वारा कहा कि समाज के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उस प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें निरंतर मंच प्रदान करने की। धीवर समाज द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है। क्राफ्ट वर्क में पूजा मत्स्यपाल , दामिनी धीवर, दीया धीवर एवं विशेष हिरवानी ने अपनी कलात्मक सोच का प्रदर्शन किया । इसी तरह भूमिका नाग, प्रियल मत्स्यपाल, संध्या कंवर, प्रियांशी मत्स्यपाल, कार्तिक मत्स्यपाल, प्रिया तारक, भावना ढीमर, खेमन ढीमर, जागृति धीवर, दुर्गेश्वरी सपहा, चंद्रेश हिरवानी, दक्षेश हिरवानी, लव्यांश गुहा, शशि हिरवानी, योगिता हिरवानी, चिरंजीवी धीवर, बूमन हिरवानी, शशांक मत्स्यपाल, रुद्र ढीमर एवं संतोषी मत्स्यपाल ने धरती से लेकर आकाश तक जंगल से लेकर पहाड़ तक सागर से लेकर जल संचयन तक अपनी सोच को ड्राइंग शीट में उतारा। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने भाग लिया।

### पुराने बबूल पेड़ से बढ़ा खतरा

- शिकायत के बाद भी समस्या का हल नहीं हुआ



**धमतरी।** सोरिद बरपारा में बिजली पोल के पास पुराना बबूल का पेड़ धराशायी होने की कगार पर है, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। सोरिद बरपारा चौक से पोस्ट मेट्रिक हॉस्टल के बीच के रोड किनारे पुराना बबूल पेड़ है। पेड़ की बड़ी शाखा बिजली तार से गुजरी है। इससे हमेशा खतरा बना रहता है। रहवासी धनेश, जयसिंह जितेन्द्र, रामकुमार का कहना है कि पेड़ काटने पर ही इस समस्या का हल होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। रोड में लोगों की आवाजाही रहती है। वहां पर बच्चे भी खेलते रहते हैं। पेड़ या बड़ी शाखा गिरने से बड़ी घटना हो सकती है।

### थाली सजाओ स्पर्धा में झरना अव्वल



**धमतरी।** मां शीतला प्रांगण लिमतरा में पंचमी तिथि को इस वर्ष भी थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में झरना साहू को प्रथम, रागिनी को द्वितीय तथा श्वेता को तीसरा स्थान मिला। निर्णायक डीआर साहू, हेमनारायण साहू थे। विजयी प्रतिभागियों को शीतला समिति के सदस्यों अवधराम, भगवती और कोमल साहू ने पुरस्कृत किया। मौके पर शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में रचनात्मक कार्य के साथ उसमें नई सोच पैदा करना है।

### 11 को निकलेगी मातारानी की विसर्जन झांकी

**धमतरी।** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि 11 अक्टूबर को शाम 7 बजे से मातारानी की विसर्जन झांकी निकाली जाएगी। विसर्जन झांकी पर पहला इनाम 31 हजार, दूसरा 21 हजार तथा तीसरा इनाम 11 हजार रुपए रखा गया है। पंडाल सजावट प्रतियोगिता में पहला इनाम 21 हजार, दूसरा 15 हजार तथा तीसरा इनाम 11 हजार व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। विसर्जन झांकी में भाग लेने वाली समितियों को 21 सौ रूपए एवं प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। इनाम की घोषणा एवं वितरण 13 अक्टूबर रविवार को होगा। कार्यक्रम की तैयारी में विहिप, बजरंग दल के संदीप अग्रवाल, दीपक ठाकुर, कैलाश बख्तानी, पीयूष पारख, अमित सोना, चित्रेश साहू एवं समाजसेवी हेमराज सोनी जुटे हुए हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

## रूढ़िवादिता को पीछे छोड़ नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा समाज : रंजना

# त्याग, तपस्या, दानशीलता से है साहू समाज की पहचान : रुपकुमारी

- हटकेशर वार्ड में साहू समाज भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





हटकेश्वर वार्ड में साहू समाज भवन का लोकार्पण महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया। अतिथियों ने मां कर्मा की पूजा- अर्चना की। अतिथि उद्बोधन में सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि साहू समाज में अनेक बदलाव आए हैं, सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करना, विधवाओं के पुनर्विवाह को बढ़ावा देना, सामाजिक कुरीतियों को रोकना, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सहयोग देने जैसे अनेक बदलाव हुए हैं। इस बदलाव से साहू समाज अन्य समाजों के लिए प्रेरणा बन रहा है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक विचारधारा में निरंतर बदलाव आ रहा है। साहू समाज त्याग, तपस्या, दानशीलता का पर्याय है। यह उनकी पहचान है। रंजना साहू ने कहा कि साहू समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। देश को नई दिशा देने में साहू समाज का सराहनीय योगदान रहा है। समाज को आगे बढ़ाने एवं उसके चौमुखी विकास के लिए निरंतर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबका नैतिक दायित्व है। समाज को आगे बढ़ाने में नवयुवकों का योगदान अग्रणी रहा है, क्योंकि कोई भी क्रांति बिना युवा नेतृत्व के बिना सफल नहीं होती। जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने भवन निर्माण में योगदान के लिए पूर्व विधायक रंजना का आभार माना। इस अवसर पर विजय साहू, यशवंत साहू, उमेश साहू, लखन पटेल, अखिलेश सोनकर, गौतम ध्रुव, महेश साहू, गोपी किशन साहू, लक्ष्मण साहू, नीलमणि साहू, राजेंद्र साहू, पीतांबर साहू, रामदयाल साहू, सुखदेव साहू, मानिक साहू, भगवती साहू, कुलेश्वरी साहू, जनक साहू, देवेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411